## नगर निगम आयुक्त को लिखा पत्र

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित कर एवं दूरभाष पर सम्पर्क कर आमजन व पार्षदों को बिना विश्वास में लिये शहरवासियों से सफाई व्यवस्था को लेकर लगाये गये यूजर चार्ज वसूलने के लिये गये निर्णय पर आपत्ति जताते हुये पुर्नविचार करने के निर्देश दिये हैं। डॉ गर्ग ने कहा कि सफाई व्यवस्था के नाम पर शहरवासियों से यूजर चार्ज वसूल करने से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक भार बढेगा। उन्होंने यूजर चार्ज लगाने से पहले पुर्नविचार कर राशि को कम करने के लिये भी पुर्ननिर्धारण करने के निर्देश देते हुये आयुक्त से कहा कि पहले नगर निगम की बैठक आहुत कर आम सहमति बनाये और नगर निगम की बैठक में जो निर्णय हो उसे अमलीजामा पहनायें। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो चुकी है। लचर सफाई व्यवस्था से आमजन परेशान है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था के लिये लगाई गई निजी कम्पनी द्वारा सफाई कार्य में कोताही बरती जा रही है। गंदगी से परेशान आमजन की भावना को देखते हुये कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाये। डॉ गर्ग ने कहा कि शहरवासी गन्दगी के साथ-साथ बन्दरों व बेसहारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं।

# ‘वगैर पानी और रोजगार मुहैया कराये विकास की बात करना बेइमानी है’

**भरतपुर** (निस)। समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सुशोभित पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि वगैर पानी और रोजगार मुहैया कराये विकास की बात करना बेइमानी है। पानी और रोजगार से ही विकास होता हैं। जबकि भरतपुर और डीग में पानी और रोजगार का गम्भीर संकट हैं। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने किसान संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को

■ **पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर पंडित रामकिशन के मुख्य आतिथ्य में सभाओं का आयोजन किया गया।**



**पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर सभाओं का आयोजन किया गया।**

रूपवास क्षेत्र के ग्राम दाहिना और दौरदा में आयोजित सभाओं नें कहा कि दोनों सरकारों को यहाँ के उलझे पड़े पानी के मुद्दो को प्राथमिकता से सुलझाना चाहिये। उन्होंने कहा कि यमुना का पानी पूरा नहीं मिल रहा और उसके द्वितिय चरण का कार्य भी शुरू नहीं हो सका जबकि इआरसीपी के लिये दोनों सरकारों ने अभी तक बजट भी आवंटित नहीं किया। इस योजना से प्रथम चरण में ही भरतपुर डीग को पानी मिलना चाहिये। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि पाँचना का बाँध बाढ़ नियंत्रण के लिये ही बनाया गया था भरतपुर की बर्बादी के लिये नहीं लेकिन कमजोर राजनैतिक इच्छा शक्ति के पाँचना बाँध का लाभ भरतपुर को नहीं मिला। मनमाने तरीके से पानी छोड़ने के कारण जिले के करीब दो दर्जन लोगो की पानी में डूबने से मौते हुई है और खेती फसल बर्बाद हो गई। जब पानी की जरूरत होती है तब पानी गम्भीर नदी में नहीं छोड़ा जाता। उन्होंने जिले में बढ़ती जा रही बेरोजगारी पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुऐ। कहा कि जिले में प्रदूषण रहित छोटे छोटे उद्योग धन्धे लगने चाहिये ताकि यहाँ बेरोजगार नौजवानों को काम धन्धा मिल सके। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि जनसंघ के उभार से पहले 1965 तक चुनाव मुद्दों पर होते थे। लेकिन आज कल मतदाताओं को तरह तरह से डराकर, भ्रमित करके बोट हासिल किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों, मजदूरों के मुद्दों पर बात होती थी। लेकिन अब चर्चा खरबपतियों की बढ़ती संख्या पर होती हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी बहुत प्रभावशाली नेता है तो फिर दलबदल की जरूरत क्यों पड रहे है, भ्रष्टाचारियों को दलबदल कराकर राजनैतिक भ्रष्टाचार और लोकलाज को समाप्त किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होगा जब लोग निर्भय होगे। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे ज्यादा राजनैतिक मर्यादाओं का पतन हो रहा हैं। चुनाव में बोट मुद्दों पर ही डालना चाहिये। उन्होंने लोगों से जिले को पोलिथिन मुक्त बनाने और पर्यावरण शुद्ध रखने की भी सलाह दी। सभा में भाजपा नेता और पूर्व प्रधान सालीग्राम शर्मा ने कहा कि जिले में पानी की समस्या है, कारखाने भी लगने चाहिये और इसके लिये हम सभी को मिलकर कोशिश करनी चाहिये। उन्होंने रूपवास क्षेत्र की और से शतायू पुरुष और अपने राजनैतिक गुरु पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का जोरदार अभिनन्दन किया। सालीग्राम शर्मा ने कहा कि पंड़ित रामकिशन ही सही मायने में अपने राजनैतिक कर्तव्य का पालन कर रहे है। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि सरकार को शीघ्र ही पाँचना बाँध के पानी का बँटबार कर गम्भीर नदी को बाणगंगा नदी से जोड़ना चाहिये ताकी जहाँ पानी की समस्या का समाधीन हो सके और बाढ़ के हालातों पर नियंत्रण हो सको। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पर भी सरकार को शीघ निर्माण कार्य शुरू करना चाहिये तथा बाणगंगा नदी, गम्भीर और रुपारेल में प्रथम चरण में ही पानी लाया जाना चाहिये।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया





**गंगापुर सिटी** । नेहरू युवा केन्द्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) झांसी की रानी युवती मंडल मिर्जापुर के द्वारा ओम शिवम केरियर पांइट स्कूल मे एक पेड माँ के नाम पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। झांसी की रानी युवती मंडल की अध्यक्ष पायल मीणा ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को की गई थी। जागरूकता कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य माँ के नाम पर पेड लगाकर बढती ग्लोबल वार्मिग से निजात पाना और धरती के भविष्य को बचाना है। अभियान का उद्देश्य माँ और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण की एक स्थाई स्मृति का निर्माण करना है। एक पेड माँ के नाम अभियान एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इसी अभियान के तहत विधालय मे चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई जिसमे प्रथम खुशी, दितीय सुमित्रा गुर्जर व तृतीय स्थान कल्पेश मीना रहे। विधार्थीयो को स्मृती चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में विधालय निदेशक महेंद्र नापित एवं एबीवीपी के प्रांत संयोजक सीताराम गुर्जर नेहरू युवा केंद्र के रिजुल गर्ग बतौर अतिथि शामिल रहे। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हर संभव प्रयास करने का आहान किया। कार्यक्रम में ओम शिवम करियर पांइट स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की भी सराहनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में मौजूद विद्यार्थियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया और विधालय में अशोक एवं छायांदार वृक्ष लगाकर उनकी सार संभाल का जिम्मा लिया गया। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम की खूब सराहना कीद्य इस दौरान कार्यक्रम में झांसी की रानी युवती मंडल की अध्यक्ष पायल मीणा, रोशन मीणा, हेमलता जागा, मीनाक्षी शर्मा, शालू बाई, काजल जाटव, देवकी महावर, व विधालय स्टाफ सहित अन्य कई युवा उपस्थित रहे।

### स्टीकर का विमोचन किया

**भरतपुर** (निस)। भारत स्काउट व गाइड के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ अमित यादव द्वारा भारत स्काउट व गाइड स्टीकर का विमोचन किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट गाइड) नीता शर्मा के नेतृत्व में आम नागरिकों एवं जनसामान्य को स्काउट गाइड संगठन के उद्देश्य नीति सिद्वान्त एवं सामाजिक उपयोगिता सम्बंधित जानकारी देकर प्रचार प्रसार की दृष्टिकोण से राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जिला सचिव भरतपुर, देवेन्द्र कुमार मीना सीओ स्काउट के सानिध्य में स्काउट गाइड व रोवर रेंजर द्वारा कलेक्ट्रेट भरतपुर में स्थित सभी राजकीय कार्यालयों में अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों को स्काउट गाइड स्टीकर प्रदान कर अंशदान राशि एकत्रित की गई। सम्पूर्ण जिले में 7 से 14 नवम्बर 2024 के मध्य अभियान के रूप में भारत स्काउट गाइड सगठन का प्रचार प्रसार एवं स्काउट गाइड स्टीकर प्रदान कर आर्थिक सहयोग राशि ली जायेगी। जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर सचिव स्थानीय संघों को स्टीकर आंवटित कर बिकी हेतु भिजवाये जा रहें हैं। जो जिला भरतपुर व डीग के सभी राजकीय व निजी विद्यालय एवं महाविद्यालयों के समस्त छात्र छात्राओं एवं स्काउट गाइत व रोवर रेंजर के माध्यम से वितरित किये जायेंगे। जिला भरतपुर में 30 नवम्बर तक स्टीकर राशि एकत्रित कर सम्पूर्ण राशि राज्य मुख्यालय जयपुर के मार्फत राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के आरक्षित कोष में जमा कराने हेतु भेजी जावेगी। इस राशि को राष्ट्रीय मुख्यालय के द्वारा जन कल्याणकारी कार्यों तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग स्वरूप काम में लिया जाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिचरण शर्मा, स्थानीय संघ सचिव भानु प्रताप सिंह, कामां सचिव भगत सिंह गुलशन, स्काउटर प्रकाश चन्द शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, राजीव मीणा, पूरन चन्द सैन, गोविन्द सिंह डागुर, प्रवेन्द्र सिंह राणा, गाइडर मिथलेश मीणा, अंजू कुमारी एवं स्काउट गाइड रोवर रेजर आदि उपस्थित रहे।

### अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन

**गंगापुर सिटी** । शुभलक्ष्मी मील के पास स्थित श्रीद्वारिकाधीश मंदिर में गुरुवार को अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा गरम अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया। मंदिर में सुबह से ही हलवाई अन्नकूट की प्रसादी बनाने में जुट गए। इस दौरान हलवाइयों के द्वारा कडी और बाजरे का अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया। आयोजकों ने बताया कि करीब डेढ क्विंटल बाजरा, 5० किलो से अधिक चावल और चोडा आदि डालकर और करीब 2 क्विंटल तक हरी सब्जी और कडी बनाई गई। प्रसादी तैयार होने के बाद भगवान द्वारिकाधीश को भोग लगाया गया और इसके बाद में कन्याओं को भोजन कराने के बाद सभी को प्रसादी खिलाई। सभापति शिवरतन अग्रवाल के अलावा महामंत्री मिथलेश व्यास, पार्षद बबलू चौधरी सहित कई पदाधिकारी मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन किए और प्रसादी ली। सभापति ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस दौरान शिवराम शर्मा, आनंदबिहारी वैद्य, रामखिलाडी, लक्ष्मीचंद मीणा, जीतू मीणा और नेमीचंद जैन ने बताया कि प्रसादी लेने के लिए हजारों लोग शुभलक्ष्मी मील द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचे। यहां पहले लोगों ने भगवान के दर्शन किए। लोगों ने पूजा अर्चना और आरती कर परिवार में खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। बाद में लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा गरम कडी और बाजरे की प्रसादी का आनंद लिया। काफी संख्या में लोग अपने साथ बर्तन भी लेकर पहुंचे और प्रसादी लेने के बाद लौटते समय इन बर्तनों में कडी बाजरे की प्रसादी भरकर लेकर आए। जहां घर के अन्य सदस्यों ने भी अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया।

### विशेष अभियान चलाया

**करौली( नि.स. )।** करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा महिला मतदाताओ के नाम जोड़ने के लिए 8,14,21 को विशेष अभियान चलाया जाकर नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है जिसके तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री गोपेश शर्मा ने सभी बूथ अध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष,पन्ना प्रमुख सहित सभी कार्यकर्ताओं से कहा है कि हमे इस अवसर पर प्रत्येक घर जाकर महिला मतदाओं के नाम जुड़वाना है उन्होने बताया कि हम जितने नाम अपने माध्यम से मतदाता सूची में जुडबायेंगे उतने अधिक वोट का फायदा संगठन को होगा। क्योंकि जिस मतदाता का नाम हमारे कहने,साथ ले जाने अथवा जाग्रत करने से जुड़ेगा वो मतदाता मतदान के दिन भी ये बात और सम्बन्ध याद रखेगा। इस लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने अपने बूथ टोली के साथ घर घर जाकर मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम जुड़बाये साथ ही यह भी तय करे कि कोई फर्जी नाम या ऐसे नाम तो आपके बूथ कि लिस्ट में नही है जो मतदान में फर्जी वोट डालने में मदद करते हो। फर्जी,मृत अथवा बूथ छोड़ चुके लोगो के नाम तुरन्त काटने का आवेदन भी बीएलओ को दे। भाजपा नेता गोपेश शर्मा ने कहा कि यह अवसर हमे और मतदाओं को जोड़ने का विकल्प है जब हम सीधे तौर पर वोटर से जुड़ सकते है इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने बूथ पर वोटर की संख्या बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करे।

### भाजपा नेताओं ने बैठकें की

**भरतपुर** (निस)। आगामी 13 तारीख को होने वाले दौसा विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में भरतपुर के प्रमुख भाजपा नेताओं ने समाज की बैठकें की। बूथ मैनेजमेंट की व्यवस्था तथा बूथ को मजबूत करने हेतु कार्य विधानसभा में शुरू की बूथौं का सत्यापन किया। युवा, किसान व महिला मोर्चा की बैठकें की मठ, मंदिरों के प्रमुख व समाज के प्रमुख व्यक्तियों से मिलकर उन्हें पार्टी के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोड़ने व बूथ बैठक कर बूथौं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण बूथ माइक्रो मैनेजमेंट का कार्य भरतपुर के प्रमुख कार्यकर्ता भानु प्रताप राजावत पूर्व प्रदेश मंत्री, अरविंद पाल सिंह पूर्व प्रदेश मंत्री, गिरधारी गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष, डॉ सुधा चैधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र पथैना प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, अरुण प्रधान प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा, मुकेश सिंगल पूर्व जिला मंत्री, कुलदीप पोसवाल पुर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने संभाली।

## अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन

**करौली**(नि.स.)। जिलें में देवउठनी एकादशी एवं अन्य अबूझ सावों पर आयोजित होने वाले विवाह आयोजनों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर एवं जिला व ब्लॉक स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जायेगा। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक रिंकी ने बताया है कि देवउठनी एकादशी एवं अन्य अबूझ सावों पर आयोजित होने वालें विवाह आयोजनों में बाल विवाह नही हो इसके लिए बाल विवाह मुक्त करौली अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिलें में स्कूल, कॉलेज, पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर जागरूकता शिविर, बैठक, रैलियों का आयोजन कर आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूक कर बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 जिला स्तरीय कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 07464.251335 एवं स्थानीय बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को सूचना देने हेतु प्रेरित किया जायेगा। इसके संबंध में आज गुरूवार को राजकीय महाविद्यालय करौली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं जिला स्तर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय व ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति सभागार करौली एवं टोडाभीम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, हितधारक, सेवाप्रदाता एवं धर्मगुरूओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

# भारतीय जनता पार्टी करौली ने मनाया संगठन पर्व

**करौली** (नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता मीडीया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि गुरूवार को दोपहर 1:00 बजे शिव अशोका पैराडाइज- करौली में भाजपाईयो द्वारा संगठन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम मे भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने कहा कि हमारे लिए सर्वप्रथम संगठन को मजबूत करना होगा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना ही होगा, हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर दिल्ली में चैथी बार भाजपा कि सरकार बनाई है। उन्होने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान का कार्यक्रम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन 15 नवंबर तक चलेगा,प्राथमिक सदस्य को अपने-अपने बूथ से 50-50 सदस्य बनाने अवश्य होंगे तब वह सक्रिय सदस्य के





**करौली मे भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम मे मंचस्त पार्टी पदाधिकारी।**

लिए तैयार होगा। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर आई है। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने सभी का आभार जताते हुए कहां कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने पूर्ण विवेक से कार्य करता है भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित है। इस दौरान भरतपुर संभाग के जिला प्रभारी गोवर्धन सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह धाबाई, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलीया,महेंद्र मीणा,कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह जादौन,धीरेंद्र सिंह बैंसला, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अर्जुन सिंह धाबाई, सुरेश शुक्ला, पुष्पेंद्र सैनी,सतवीर तिघरिया, दिलीप गुप्ता,उत्तम सिंह, सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान शुकदेव जी कथा सुनाई

**करौला**(नि.स.)। जिला मुख्यालय पर शिव कॉलोनी स्थित रमा शर्मा के निवास पर गुरुवार को संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान शुकदेव जी कथा सुनाई गई और संगीतमयी भजनों पर महिला श्रद्धालूओं ने जमकर नृत्य किया।

कथा के आयोजक श्रीमति रमादेवी व पुत्र प्रवीण शर्मा ने बताया कि कथा के दूसरे दिन गुरूवार को कथा का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण से श्रीमद भगवत गीता और व्यास गद्दी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान कथा व्यास आचार्य मदनमोहन व्यास रामगढ़ वालों ने भगवान सुखदेव जी और परीक्षित जी के जन्म की कथा सुनाते हुए भगवान के 24 अवतारों के बारे में बताया। उन्होंने कुंती के वरदान की चर्चा करते हुए कहा कि कुंती ने वरदान में भगवान सुख की जगह दुख का वरदान देने को कहा बोली की भगवान को याद दुख में ही किया जाता है। वहीं उन्होंने भगवान की दयालुता का वर्णन करते हुए कहा कि वो अजन्मा होते हुए भी कभी राम तो कभी कृष्ण बनकर भक्तों के हित के लिए अवतार धारण करके साधारण मनुष्य की तरह पृथ्वी पर चले आते है। इसलिए मानव को भी अपनी दयालुता का परिचय देना चाहिए। बीच-बीच में संगीतमयी भागवत कथा के गायक राहुल त्रिवेदी उर्फ कक्का, पैड पर पूरन शर्मा रामगढ़ वाले,ऑर्गन पर अमित शर्मा कैलारस वालो,तबला पर गोपेश्वर दरगवा वाले तथा हारमोनियम पर राहुल शर्मा विजयपुर वाले ने जब अपनी प्रस्तुति दी तो माहौल धर्ममय हो गया। भगवान के जयकारे गूंजने लगे और महिला श्रद्धालू जमकर नृत्य करती नजर आई। वृदावन धाम अपार रटे जा राधे-राधे.,कान्हा बासुंरी वाला,सुध बिसरा गया मेरी रे, सुख भी मुझे प्यारे है।

## ट्रायल आज

**करौली** (नि.स.)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा 12 नवंबर से राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ करौली द्वारा आज शुक्रवार को जिले के समस्त अंडर 14 क्रिकेट खिलाड़ियों की ट्रायल सौरभ एजुकेशन केंपस खेड़ा, हिंडौन सिटी में प्रात: 8:00 बजे से ली जाएगी। जिला क्रिकट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि इस ट्रायल में अंडर 14 के वे ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी जन्म एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ है। इसके साथ ही समस्त खिलाड़ियों को अपने साथ कंप्यूटराइज जन्म प्रमाण पत्र,फोटो, खिलाड़ी के पिछले तीन वर्ष की अंक तालिका,खिलाडी का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड,वोटर आईडी या पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस लाना अति आवश्यक है।

# विष्णु बने विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव

**गंगापुर सिटी**। विप्र फॉउंडेशन के राजस्थान जॉन-1 डी के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा उर्फ बंटू नेता द्वारा प्रदेश महामंत्री डॉ हेमंत शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री मुख्यालय शांतनु पाराशर की अनुशंसा पर संगठन में विधिवत संचालन एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा में सक्रिय भूमिका में कार्य करने हेतु गंगापुर सिटी ब्राह्मण समाज के सक्रिय भूमिका निभाने वाले एवं विप्र फाउंडेशन में पूर्व में कई पदों पर आसीन रहे गंगापुर सिटी सैनिक नगर निवासी विष्णु शर्मा गुरुजी को संगठन में प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति के संदर्भ में जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी के वरिष्ठ ब्रह्मजनों द्वारा उक्त संगठन से जुडकर आगामी भविष्य में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाजहित में कार्य करने की मंशा जताई गई है। गुरूजी की नियुक्ति पर देवेंद्र पाठक, गोविन्द पाराशर, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा, वरूण जैमिनी, सुशील दीक्षित, मिथलेश व्यास, राजेन्द्र सहारिया, रमाकांत उपाध्यक्ष, राकेश जैमिनी, कपिल गौतम, अंकुश शर्मा, डॉ.विजयगोपाल मिश्रा, हर्ष शर्मा गौतम, पवन समाधियां जितेन्द्र शर्मा, महेन्द्र कुम्भाल, शैलेन्द्र शर्मा, डालचन्द शर्मा, आदित्य भारद्वाज, सहित अनेक ब्रह्मजनों ने अत्यधिक हर्ष व्यक्त किया है।

## टाइगर रिजर्व जोन के लिये प्रस्ताव भेजा

**करौला** (नि.स.)। धौलपुर और करौली जिले में जल्द ही पांचवां टाइगर रिजर्व जोन बनेगा। जिसके लिए सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। दोनों जिलों में बनाए जा रहे पांचवें टाइगर रिजर्व में 31 ग्राम पंचायत के 108 गांव शामिल किए गए हैं।

धौलपुर जिले के उप वन संरक्षक वन्य जीव नाहर सिंह ने बताया कि धौलपुर जिले में पांच सेंचुरी हैं। जिनमें केशरबाग, वन विहार, रामसागर,चम्बल अभयारण्य और धौलपुर सेंचुरी शामिल हैं। इन सबको मिलाकर धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। इसका कोर घोषित हो चुका है और बफर जोन चिह्नित कर केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। केंद्र सरकार से स्वीकृति आने के बाद जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि एक नर और एक मादा टाइगर के साथ तीन शावक वन्य क्षेत्र में मौजूद हैं। जिनके साथ वन्य क्षेत्र में भालू,जरख सहित कई जंगली जानवर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कुल पांच टाइगर वर्तमान में जिले के सरमथुरा क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। जिनके साथ ही एक मादा टाइगर का मूवमेंट करौली वन क्षेत्र में अक्सरबना रहता है। धौलपुर के जंगलों में पैंथर,भालू और अन्य वन्य जीव अच्छी संख्या में हैं। धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व का कोर एरिया करीब 599 वर्ग किलोमीटर घोषित किया गया है और बफर एरिया 457 वर्ग किलोमीटर है। टाइगर रिजर्व एरिया में आ रहे सभी गांवों का निर्धारण कर लिया गया है। उन्होने बताया कि राजस्थान के पांचवें टाइगर रिजर्व एरिया के लिए धौलपुर और करौली जिले कि 31 ग्राम पंचायतों में आने वाली जमीन को उपयुक्त माना है।

जिसमें धौलपुर जिले के 60 और करौली जिले 48 गांव शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में आने वाले 108 गांव और ढाणियों को विस्थापित करने के लिए केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद इनको विस्थापित करने की कवायद शुरू की जाएगी।

विभाग द्वारा जिन परिवारों के पास अधिक जमीन नहीं हैउन विस्थापित परिवारों को जमीन या फिर मुआवजा राशि दी जाएगी। टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल एक हजार 75 वर्ग किलोमीटर है। जिसमें 599 स्क्वायर किलोमीटर कोर एरिया है और 457 स्क्वायर किलोमीटर बफर एरिया शामिल है।

ज्ञात रहे कि 21 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति को मुआवजा दिया जाएगा। परिवार में पति और पत्नी को मुखिया माना गया है। दोनों को 15-15 लाख रुपए मुआवजा राशि दी जाएगी। अगर परिवार में बच्चे 21 साल या इससे अधिक उम्र के सदस्य हैं तो प्रत्येक को मुआवजा राशि 15-15 लाख रुपए दी जाएगी।

# राईजिंग राजस्थान मुख्यमंत्री का दूरदर्शी विजन है : प्रभारी सचिव

**भरतपुर** (निस)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत गुरूवार को जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में 59 सेक्टर में 1446 करोड रूपये से अधिक निवेश के एमओयू किये गये इससे 6 हजार से अधिक युवाओं को

■ **जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंटर समिट का आयोजन किया गया**

रोजगार मिल सकेगा। होटल द ग्रांड बरसो रिसॉर्ट में आयोजित में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, उद्यिमयों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एमओयू सम्पन्न हुए।





**जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंटर समिट का आयोजन किया गया ।**

मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भरतपुर गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, प्राकृतिक संसाधन, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थल तथा यातायात व मानव संसाधन की उपलब्धता से औद्योगिक विकास की विपुल सम्भावनाओं को समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि यहां राष्ट्रीय व राज्य की राजधानी की समीपता तथा धार्मिक, प्राकृतिक पर्यटक स्थलों के कारण वर्षभर पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक कृषि उत्पाद, बिजली-पानी की उपलब्धता तथा मानव संसाधन प्रचुर मात्रा में है। उन्होंने निवेशकों, उद्यिमयों और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राईजिंग राजस्थान मुख्यमंत्री का दूरदर्शी विजन है। उनकी मंशा के अनुरूप निवेशकों एवं उद्यिमयों को व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाकर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जायेगा। विशेष अतिथि के रूप में सम्भागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने कहा कि राईजिंग राजस्थान भरतपुर में नया आयाम स्थापित करने जा रहा है इससे औद्योगिक एवं पर्यटन महत्व की इकाईयां स्थापित होंगी आमजन को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि उद्यिमयों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जायेगी। हम सभी को मिलकर भरतपुर में औद्योगिक विकास एवं पर्यटन विकास के लिए कार्य करना होगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में अब तक 59 संबंधित इकाईयों से विभिन्न क्षेत्रों में 1446 करोड रूपये से अधिक के प्रस्ताव एमओयू किये जिनसे करीब 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भरतपुर संभाग का है, यहां यातायात सुविधाऐं, पर्यटन महत्व एवं विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु तैयार किया गया खाका आने वाले सुनहरे भविष्य की ओर इंगित करता है। उन्होंने कहा कि भरतपुर में हॉस्पीटल, होटल, आईटी क्षेत्र एवं यातायात सुविधाओं के लिए किये जा रहे कार्य उद्यिमयों एवं पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।